## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक – 23.09.2026 (संध्या–1900 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **देवघर में खुला 750 बेड वाला अत्यााुनिधक अस्पताल, असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा–क्षेत्र के लोगों के लिए साबित होगा मील का पत्थर।**
2. **भाजपा ने सभी राज्यों के प्रभारियों का किया तबादला, गजेन्द्र पटेल बने झारखंड प्रभारी, सौरभ सिंह और निवेदिता सिंह को सह प्रभारी की जिम्मेदारी।**
3. **एसआईआर के तहत दावा–आपत्ति के लिए अब सात दिन शेष, 30 सितम्बर तक नाम जोड़ने, हटाने, सुधार या नाम स्थानांतरित करने के लिए हो सकता आवेदन।**
4. **स्वस्थ भविष्य के लिए आयुर्वेद की थीम पर मनाया गया आयुर्वेद दिवस, आयुर्वेद को लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी से जोड़ने और जागरूकता बढ़ाने पर जोर।**
5. **मीराबाई चानू ने एशियाई खेलों में महिलाओं के 49 किलोग्राम भारोत्तोलन स्पर्धा में जीता रजत, राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने दी बधाई।**

*****************

असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने आज देवघर के दर्दमरा में सात सौ पचास बेड वाले बाबा बैद्यनाथ ट्रस्ट अस्पताल का उदघाटन किया। इस मौके पर गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे। इस दौरान श्री सरमा ने कहा कि यह अत्याधुनिक अस्पताल झारखंड और बिहार के लोगों के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

*****************

भाजपा ने सभी राज्यों के प्रभारियों और सह प्रभारियों को बदल दिया है। पार्टी ने झारखंड में संगठन की मजबूती के लिए गजेन्द्र पटेल को प्रभारी बनाया है, जबकि सौरभ सिंह और निवेदिता सिंह को सह प्रभारी नियुक्त किया है। वहीं झारखंड से भाजपा के राष्ट्रीय सचिव डॉ0 प्रदीप वर्मा और पूर्व विधायक अनंत ओझा को उत्तर प्रदेश का सह प्रभारी बनाया गया है।

*****************

डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय का तीसरा दीक्षांत समारोह कल आयोजित होगा। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार समारोह में छह हजार से अधिक विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान करेंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजीव मनोहर ने बताया कि शैक्षणिक प्रदर्शन के आधार पर एक सौ बयालीस विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल प्रदान किया जाएगा।

*****************

जेएसएससी–सीजीएल परीक्षा नियुक्ति मामले की जांच कर रही सीआईडी ने गिरिडीह के गावां थाना क्षेत्र से मानगो के फूड इंस्पेक्टर संजय कुमार को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। सीआईडी संजय कुमार से मामले में उनकी संभावित भूमिका और कनेक्शन को लेकर पूछताछ कर रही है और बाद में उन्हें रांची ले जाया गया। इस मामले में सीआईडी अब तक सफल अभ्यर्थियों, कथित एजेंटों और परीक्षा संचालन से जुड़े लोगों से पूछताछ और कार्रवाई कर चुकी है।

*****************

आयुष्मान भारत योजना ने आज अपनी आठवीं वर्षगांठ पूरी कर ली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2018 में इस योजना की शुरूआत रांची से की थी। हजारीबाग के लाखों मरीजों ने भी इस योजना का लाभ लिया है और उन्होंने प्रधानमंत्री के प्रति आभार जताया है।

*****************

एसआईआर के तहत दावा–आपत्ति के लिए अब सिर्फ 7 दिन शेष रह गये हैं। राज्य निर्वाचन कार्यालय द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार पात्र नागरिक 30 सितम्बर तक नाम जोड़ने, हटाने, सुधार या नाम स्थानांतरित करने के लिए आवेदन दे सकते हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के0 रवि कुमार ने पात्र नागरिकों से अंतिम तिथि का इंतजार नहीं करने की अपील की है।

*****************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सार्वजनिक जीवन में 25 वर्ष पूरे कर रहे हैं। उनका जीवन जन सेवा से राष्ट्र सेवा के मंत्र और निरंतर समर्पण से जुड़ा रहा है। सेवा और सुशासन की इसी सोच के साथ सरकार वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में लगातार काम कर रही है। समावेशी विकास और सामाजिक सशक्तीकरण के इन प्रयासों से लोगों के जीवन में बदलाव आ रहा है। आकाशवाणी समाचार सेवा संकल्प अभियान पर विशेष श्रृंखला प्रसारित कर रहा है। आज इस कड़ी में हम बात करेंगे स्थानीय हस्तशिल्पकारों और पारंपरिक कलाकारों के उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए चलाये जा रहे 'वोकल फॉर लोकल अभियान' पर।

खूंटी जिले में वोकल फॉर लोकल ने स्थानीय उत्पादों, हस्तशिल्पों और पारंपरिक कलाओं को बड़ा बाजार उपलब्ध कराने के साथ ही नई पहचान भी दे रहा है। जिले के ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्र के हस्तशिल्प से जुड़े कलाकारों को इससे आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में भी बड़ा संबल मिला है।

*****************

स्वस्थ भविष्य के लिए आयुर्वेद की थीम पर आज आयुष निदेशालय रांची में 11वां आयुर्वेद दिवस मनाया गया। इस मौके पर आयुष निदेशक दिनेश कुमार यादव ने आयुर्वेद को लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी से जोड़ने और इसके बारे में जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद केवल बीमारियों के इलाज तक सीमित नहीं है बल्कि यह स्वस्थ जीवनशैली, संतुलित खान–पान, नियमित दिनचर्या और मानसिक शांति पर भी जोर देता है।

*****************

सीसीएल बरका–सयाल क्षेत्र के भुरकुंडा बासगढ़ा माइंस में आयोजित क्षेत्रीय खान बचाव प्रतियोगिता के दूसरे दिन आज सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों की कई टीमों ने हिस्सा लिया। अधिकारियों ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य रेस्क्यू टीम की तत्परता, तकनीकी दक्षता और जान–माल बचाने की क्षमता को परखना है।

*****************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जमशेदपुर के युवा फिल्म मेकर रवि राज मुर्मू को उनकी संताली शॉर्ट फिल्म आंगेन के लिए सर्वश्रेष्ठ नवोदित निर्देशक के प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सम्मान से कल पुरस्कृत किया। श्री मुर्मू के नई दिल्ली से आज रांची पहुंचने पर स्वागत किया गया। श्री मुर्मू यह राष्ट्रीय सम्मान पाकर उत्साहित हैं।

*****************

ओलंपिक पदक विजेता मीराबाई चानू ने आज एशियाई खेलों में महिलाओं के 49 किलोग्राम भारोत्तोलन स्पर्धा में रजत पदक जीता है। इसके साथ ही एशियाई खेलों में भारत के पदकों की संख्या बढ़कर नौ हो गई है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मीराबाई चानू को इस उपलब्धि पर बधाई दी है।

*****************

बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव के कारण राजधानी रांची समेत राज्य के कई इलाकों में सवेरे से रूक–रूककर बारिश हो रही है। मौसम विज्ञान केन्द्र ने बताया है कि आज रांची और खूंटी समेत 12 जिलों में कहीं–कहीं पर भारी बारिश हो सकती है। वहीं कल  रांची और गुमला समेत पांच जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है, जिसे लेकर अलर्ट जारी किया गया है।

*******समाप्त********